## खबर संक्षेप



### सनातन धर्म को पूरे विश्व में प्रसारित करने बनाई वेबसाइट

**सतना।** विश्व की पहली पेटेंट धार्मिक वेबसाइट सतना के श्रवण मिश्रा ने बनाई है।खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं वेबसाइट के फाउंडर श्री मिश्रा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पूजा पाठ वैदिक वेबसाइट एक धार्मिक वेबसाइट है। जिसका उद्देश्य पूरे विश्व में भारत के सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना है। इस वेबसाइट को किसी राजनीति से ना जोड़ा जाए और इस वेबसाइट का किसी प्रकार का व्यापारिक उद्देश्य नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि इसका उद्घाटन जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज चित्रकूट धाम द्वारा किया गया है।

### अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**सतना।** महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक से प्राप्त आदेशानुसार जनसामान्य के अचल सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेजों के पंजीयन की सुविधा की दृष्टि से अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जिला पंजीयक डॉ.कीर्ति सिंह ने बताया कि मार्च माह में होली के अवकाश 14 मार्च 2025 को छोड़कर प्रत्येक दिवस पर सभी कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहकर पंजीयन कार्य विधिवत संपादित करेंगे।

### जमीनी विवाद पर युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर कैलवाराखुर्द निवासी एक युवक के साथ मारपीट की गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पीड़ित प्रहलाद कोरी ने थाना में दी गई शिकायत में बताया कि 27 फरवरी उसने अमित पांडेय और कमलेश कोरी के साथ मिलकर जमीन खरीदी थी। जमीन अमित पांडेय के नाम पर है, जिसमें उसकी और कमलेश की हिस्सेदारी है। 25 फरवरी की शाम साढ़े 6 बजे कमलेश ने उसे वैंकट लाइब्रेरी के पास बुलाया। वहां सोनू बेन अपने एक साथी के साथ मिला। सोनू ने उन्हें जमीन का हिसाब-किताब करने के लिए बाबा घाट चलने को कहा। वहां पहुंचने पर सोनू जमीन के पैसे मांगने लगा। पैसे नहीं देने पर उसने और उसके साथी ने प्रहलाद की पिटाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा के अनुसार, शिकायत के आधार पर सोनू बेन और एक साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अरविंद सिंह धुर्वे बने अजाक्स जिलाध्यक्ष

**कटनी।** शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज में पदस्थ एवं गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति के प्रदेश सचिव अरविंद सिंह धुर्वे को अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) का निर्विरोध जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए के. कोरी ने बताया कि 25 फ़रवरी को नामांकन दाखिल करने की आखिर दिनांक घोषित की गई थी। उसी दिन देर शाम तक जिला अध्यक्ष के नामांकन महज दो ही प्राप्त हुए जिनमे अरविन्द सिंह धुर्वे एवं पूर्णेश उईके के नामांकन प्राप्त हो सके। बुधवार की दोपहर बाद श्री उईके नें अपना नामांकन वापस ले लिया जिसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री कोरी नें औपचारिक घोषणा कर अरविन्द सिंह धुर्वे को निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। अरविंद सिंह धुर्वे के निर्विरोध अजाक्स जिलाध्यक्ष बनने पर पूर्व अजाक्स जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, शिक्षक संघ, लघु वेतन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, ओबीसी पिछड़ा वर्ग सहित कई सामाजिक संगठनों ने बधाई प्रेषित की है।

### बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा कुठला थाना अंतर्गत हाईवे में बायपास मार्ग में हुआ। पुलिस के अनुसार बिस्तरा गांव निवासी छोटू भुमिया 24 एवं भूरा भुमिया 26 बाइक से जा रहे थे जब वे बायपास से गुजर रहे थे तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनो की मौके पर मौत हो गई।

---

**भरहुत नगर का बाल गोपाल, रेनबो अस्पताल और बस स्टैंड का चित्रकूट चैरिटेबल हॉस्पिटल शामिल**

# आईसीआईसीआई और एचडीएफसी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने सतना के तीन अस्पतालों को किया ब्लैक लिस्ट


Search Excluded/Delist Hospital In Your Area By Choose State and City

Expenses incurred towards treatment in any hospital or by any medical practitioner or any other provider specifically excluded by the insurer and disclosed in its website/notified to the policyholders are not admissible. However, in case of life-threatening situations or following an accident, expenses up to the stage of stabilization are payable but not the complete claim









**सतना।**

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और एचडीएफसी एग्रो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने सतना के तीन अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट करते हुए काली सूची में डाल दिया है। इन अस्पतालों में भरहुत नगर स्थित बाल गोपाल अस्पताल,रेनबो अस्पताल और बस स्टैंड स्थित चित्रकूट चैरिटेबल हॉस्पिटल शामिल है। इंश्योरेंस कंपनियों ने कहा है कि यदि बीमित व्यक्ति गंभीर हालत में इन अस्पतालों में पहुंचता है तो वह उसकी स्थिति ठीक होने तक पैसा देगी लेकिन बीमा क्लेम नहीं देगी। इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा की गई इस कार्यवाही से उन लोगों के बीच हडकंम मच गया है जिन लोगों ने हेल्थ इंश्योरेंस कराया है और इन अस्पतालों में इलाज करा कर बीमा की रकम लेना चाहते हैं।

### कंपनियों की वेबसाइट में तीनों अस्पतालों का नाम

कंपनियों की वेबसाइट में जो जानकारी दी गई है उसमे तीनों अस्पतालों के नाम दिए गए हैं और उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की जानकारी दी गई है। कहा गया है कि किसी अस्पताल में या किसी मेडिकल प्रैक्टिशनर या किसी अन्य प्रदाता द्वारा किए गए उपचार के लिए किए गए खर्च,जिन्हें बीमाकर्ता द्वारा विशेष रूप से बाहर रखा गया है। वेबसाइट पर पॉलिसी धारकों को सूचित किया गया है। यह भी कहा गया है कि हालाँकि,जीवन-बचाने वाली स्थितियों या दुर्घटना के बाद,स्थिरीकरण के चरण तक के खर्च देय हैं,लेकिन पूरा दावा नहीं दिया जाएगा। इन अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट क्यों किया गया है इसके कारण तो नहीं बताए गए हैं लेकिन यह चर्चा है कि फर्जी क्लेम के मामलों में इस तरह की कारवाइयां इंश्योरेंस कंपनियां करती रहती हैं।

### हेल्थ इंश्योरेंस धोखाधड़ी

भारत में हेल्थ इंश्योरेंस के प्रति धीरे-धीरे जागरूकता में वृद्धि के साथ ही,हेल्थ इंश्योरेंस प्लान खरीदने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। जानकार कहते हैं कि वैसे तो यह एक स्वागत योग्य कदम है। लेकिन इसका एकमात्र नकारात्मक पहलू यह है कि हेल्थ इंश्योरेंस इंडस्ट्री में हेल्थ इंश्योरेंस से संबंधित धोखाधड़ी बढ़ी है। समझा जाता है कि कई बार धोखाधड़ी जानबूझकर नहीं की जाती,लेकिन उनकी वजह से पॉलिसीधारकों और इंश्योरेंस कंपनियों दोनों पर प्रभाव पड़ता है।

---

## राजेश आर्नामेंट में सेंट्रल जीएसटी का छापा, बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़े जाने की खबर

छापे की कार्यवाही से सराफा बाजार में मचा हड़कंप,कई कारोबारी दुकान बंद करके भागे

**सतना**







केंद्रीय जीएसटी की टीम ने शुक्रवार को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के फूलचंद चौक में स्थित राजेश आर्नामेंट में छापामार कार्रवाई की।इस कार्यवाही के बाद सराफा बाजार में हड़कंप पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया है कि केंद्रीय जीएसटी की टीम में राजेश आर्नामेंट में सोना चांदी खरीद फरोख्त के कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है जिनकी छानबीन की जा रही है। इस बीच खबर यह भी मिली है कि बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी पकड़ी गई है। हालांकि इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। शुक्रवार को दोपहर लगभग ढाई बजे केंद्रीय जीएसटी की टीम ने राजेश आर्नामेंट में छापा मार कार्यवाही की।जिस दौरान जीएसटी की टीम यहां पर पहुंची थी उस दौरान कई लोग खरीदारी कर रहे थे केंद्रीय जीएसटी की टीम पहुंचने के बाद खरीद फरोख्त का काम बंद कर दिया गया। जांच पड़ताल करने आई टीम ने दुकान की शटर भी बंदकर दी। देर शाम तक खबर मिली है कि केंद्रीय जीएसटी की टीम दस्तावेजों की छानबीन कर रही है।

## जिपं अध्यक्ष ने कहा-चुनाव में वोट नहीं दिया तो अब बजट क्यों मांग रही हो?

**नाराज महिला सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध, वॉकआउट**

**सतना।**



जिला पंचायत के सामान्य सम्मेलन में शुक्रवार को बजट आवंटन को लेकर जमकर हंगामा हुआ। महिला पंचायत सदस्यों ने बजट में हिस्सेदारी की मांग को लेकर अध्यक्ष रामखेलावन कोल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।नाराज महिला सदस्य काली पट्टी बांधकर सदन में पहुंचीं और बजट आवंटन का ब्योरा मांगा। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि जब चुनाव में वोट नहीं दिया तोअब बजट क्यों मांग रही हो।इस टिप्पणी से महिला सदस्य आक्रोशित हो गईं और अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन में धरना दिया। मामला इतना बढ़ गया कि सी ई ओ संजना जैन को हस्तक्षेप करना पड़ा,लेकिन उनके समझाने के बाद भी मामला शांत नहीं हो सका। दरअसल पिछली बैठक में भी बजट और कार्य योजना को लेकर विवाद हुआ था। महिला सदस्यों का आरोप है कि दो साल से क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए कोई राशि नहीं मिली है। इससे नाराज होकर भाजपा और कांग्रेस समर्थित महिला सदस्य विमला कोल, एकता सिंह, लक्ष्मी मवासी, जान्हवी यादव, सावित्री त्रिपाठी, मंजुलता सिंह और पूजा गुज्जर ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया।

### लोकसभा निर्वाचन में अधिग्रहित वाहनों के मालिक बैंक खाता की जानकारी दो दिन में उपलब्ध करायें

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित किये गये बसों/चार पहिया वाहनों के वाहन मालिकों के बैंक खाता नम्बर उपलब्ध न होने के कारण वाहन किराया भुगतान नहीं हो पा रहा है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने कहा है कि वाहन मालिक दो दिवस के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट सतना कमरा नम्बर जी-31 में उपस्थित होकर बैंक का नाम,खाता क्रमांक के साथ-साथ आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करायें। ताकि वाहनों के किराया राशि का भुगतान किया जा सके।

---

## चालू माह की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर फोकस करें

कलेक्टर मैहर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**सतना**





शुक्रवार को मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि सभी विभाग के अधिकारी चालू माह में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर फोकस करें। कोई भी शिकायत किसी स्तर पर नाट-अटेंड नहीं रहनी चाहिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान,समय-सीमा पत्रको एवं सामयिक विषयों पर समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम विकास सिंह,डॉ.आरती सिंह,उपसंचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह,सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी,ओपी अस्थाना,एमएल प्रजापति,सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के 50 दिवस से अधिक के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि चालू माह का कोई भी प्रकरण फोर्स क्लोज नहीं किया जाए। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन में ऊर्जा विभाग के 250,खाद्य 367,उच्च शिक्षा 8,कुटीर ग्रामोद्योग 8,पंचायत एवं ग्रामीण विकास 504,नगरीय विकास 200,परिवहन 4,जल संसाधन 140,योजना आर्थिक 15 और राजस्व के 372 प्रकरण लंबित पाए गए। कलेक्टर ने विभागवार निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक से संबंधित नॉट अटेण्ड शिकायतों पर बैंक के प्रमुख अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश भी दिए। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने मैहर जनपद के 20 ग्राम, अमरपाटन के 4 और रामनगर के 11 चयनित ग्रामों में सर्वे कार्य के दौरान और अब तक की प्रगति की जानकारी जनपदवार और ग्रामवार प्राप्त की। उन्होंने प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा के लिए एक अतिरिक्त कालम बनाने के निर्देश दिए। जन आकांक्षा पोर्टल पर संधारित टीएल पत्रको की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने यूजर नेम,पासवर्ड से टीएल पत्रों के जवाब पोर्टल पर स्वयं दर्ज करेंगे। इसके साथ ही संबंधित आवेदकों को कृत कार्यवाही से लिखित में सूचित भी करें। टीएल की बैठक में सीएमओ,प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली गई। अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने विधानसभा प्रश्नों के उत्तर और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही के जवाब समय पर शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।



## मिश्रिरगवां में संत गाडगे के 149 वीं जयंती मनाई गई

**सतना।**

स्वच्छता अभियान के जननायक राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की 149 वीं जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। जिले के खरौंडा पंचायत में वहीं अखिल भारतीय रजक महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक रजक के अथक प्रयास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सतना सधीरन प्रसाद रजक सरपंच के सम्पूर्ण सहयोग से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथिलेश यादव ने गाडगे महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश रजक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने की।विशिष्ट अतिथि के रुप राज किशोर रजक सरपंच गलबल पंचायत,सीताराम रजक मैहर, कोदूलाल रजक विहटा,वरिष्ठ समाज सेवी रामसुःख मास्टर साहब,वरिष्ठ समाज सेवी शिवकुमार रजक,युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भुपेंद्र रजक डियर,बाबूलाल रजक,नगर अध्यक्ष नागौद,सतीश रजक तहसील अध्यक्ष उचेहरा,मझगवां ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र रजक,वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन राम ईश्वर रजक पूर्व मंडी डायरेक्टर नागौद,मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज जी के ही बताऐ रास्ते पर ही चले दो रोटी कम खावो लेकिन बच्चों को शिक्षा जरूर अवश्य दिलवाए। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित, कैलाश नाथ रजक,रामकुमार रजक,इंजिनियर नीरज रजक,संदीप रजक,राजू रजककोटर,रामराजरजक,चंद्रभान रजक,दादू भाई रजक एवं बहन मिना रजक,सवित्री रजक,मोना रजक कुशुम रजक के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।वहीं समापन पर अशोक रजक एवं सधीरन प्रसाद रजक ने कहा कि ऐसे ही सामाजिक कार्यक्रम होते रहे तो समाज के लोगों का मिलना जुलना और समाज को जोड़ने का काम होता रहे।

---

## एम्बुलेंस में डिलीवरी के बाद परिजनों से धुलवाई गाड़ी




**सतना।** मैहर जिले के सिविल अस्पताल अमरपाटन में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक प्रसूता को जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस में सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। इस बीच प्रसूता की डिलीवरी एंबुलेंस में हो गई और नवजात शिशु को जन्म होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।डिलीवरी के दौरान गंदे हुई एंबुलेंस को प्रसूता के परिजनों से धुलवाया गया। जिसका वीडियो सामने आया है।

मामले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने चालक और कर्मचारी को हटा दिया गया है। पीड़िता के पति ने 108 जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस को फोन कर बुलाया था।एंबुलेंस से प्रसूता को अमरपाटन सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन इसी बीच प्रसूता ने बीच रास्ते में ही एम्बुलेंस में बच्चे को जन्म दे दिया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। महिला को अस्पताल में भर्ती भी करा दिया गया। लेकिन इसके बाद जो हुआ उसे देखकर लोग दंग रह गए।



## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा-मेरे रहते हिन्दू का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकता

**सतना**

चित्रकूट के तुसली पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का एक बयान सामने आया है। जिसमे उन्होंने कहा कि मेरे रहते हिन्दू का कोई बाल बांका भी नही कर सकता है। जिले के नागौद ब्लाक के शिवराजपुर में आयोजित रुद्र महायज्ञ में प्रवचन के दौरान उन्होंने यह बात कही। जगद्गुरु ने कहा कि मैं सामान्य व्यक्ति नही हूँ,आचार्य जो करें उन्हें करने दीजिए। मुझे राम जी के लिए सब कुछ छोड़ना पड़े तो छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कोई इससे नाराज हो तो होता रहे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी का यह बयान सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

## यथार्थ, सवाभिमान व अंशिका का टीम कैम्प के लिए चयन







**सतना।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एकेडमी एमपी सीए द्वारा यू-18 महिला पुरुष की चयन प्रतियोगिता इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित की गई।जिसमे मध्य प्रदेश के 15 सदस्यीय टीम में सतना जिला के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। सतना से दो पुरुष खिलाड़ी तो वहीं अमरपाटन से एक खिलाडी अंशिका पाण्डेय ने अपना नाम टीम लिस्ट में पक्का किया। रीवा डिवीजन से लगातार नाम रोशन कर रहे चयनित खिलाड़ियों का डीसीए सतना जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश शुक्ला,सचिव आनंद सिंह,डीसीए सतना के सलेक्टर पीयूष शर्मा,राजीव पाठक,मिथलेश पाण्डेय,अनिल विश्वकर्मा,आशिफ़ इक़बाल, सतना कोच पार्थ सिंह,शिवम सिंह बघेल ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पन्ना विधानसभा क्षेत्र के सभी मजरा टोलों में सड़क निर्माण किया जाये- भरत मिलन पांडेय

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के सबसे पिछड़े जिलों में गिने जाने वाले पन्ना जिले के पन्ना विधानसभा में आजादी के 78 सालों बाद भी आधा सैकड़ा से अधिक गांव एवं मजरा टोला सड़क विहीन हैं। जिससे आम जनता को भारी परेशानी का समाना करना पड  रहा है उक्त मामले को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एंव कार्ंगेस पार्र्टी के विधानसभा प्रत्यासी रहे भरत मिलन पाण्डेय ने इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इकाई 1 और 2 के महाप्रबंधक एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना मध्य प्रदेश भोपाल के सीईओ को पत्र लिखकर उक्त समस्त गांव एवं मजरा टोला प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत फेस 4 के सर्वे में शामिल करवा कर सड़कों से जोड़ने की मांग उठाई है ताकि यहां के ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके। श्री पाण्डेय ने बताया कि मध्य प्रदेश में लगभग 22 सालों से भाजपा की सरकार है पन्ना में लंबे समय से भाजपा के ही सांसद विधायक व मंत्री रहे हैं, इसके बावजूद पन्ना विधानसभा के आधा सैकड़ा से अधिक गांव आजादी के 78 सालों बाद भी सड़क विहीन हैं, यहां तक कि कुछ नगरीय क्षेत्रों की बस्तियां भी सड़क विहीन हैं। जो कि दुर्भाग्य की बात है। बारिश के दिनों में इन ग्रामों के लोगों का आवागमन लगभग पूरी तरह से बंद हो जाता है। बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस या जननी एक्सप्रेस पहुंचना भी मुश्किल होता है। आपातकाल के समय में डायल हंड्रेड जैसे इमरजेंसी वाहन भी नहीं



पहुंच पाते, ऐसे में यहां के लोगों को अनेकों कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें उक्त समस्त ग्रामों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त हुई है, इसलिए उन्होंने इन ग्रामों को सडक मार्ग से जोड़ने की मांग उठाई है यदि इन ग्रामों को फेस-4 के सर्वे में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से नहीं जोड़ा गया तो वह हाईकोर्ट की जाने के लिये बाध्य होंगे। उन्होने बकायदा सडक विहीन गांव एंव मजरा टोलो के नाम भी उल्लेख किये है जिनमे  पन्ना विधानसभा में अजयगढ़ विकासखंड के लगभग 34 और पन्ना विकासखंड के लगभग 24 गांव व मजरा टोला सड़क विहीन बताए गए हैं।जिनमें अजयगढ़ विकासखंड के बतासा, मौहारी, रानीपुर, खड्डनपुरवा, तरिया घाट, गड़ैल्या पुरवा, महुआ टोला, मढ़लिया, नयापुरवा, चांदी पाठी, भानपुर, चंद्रनगर, बबेरू, गुछारा, इटवां, गुठला, गठगांय, कोरियन पुरवा, मझगवां, नई दुनिया, टपरियन, जचौनिहा, चौका, कारी का पुरवा, केवट पुरवा, रामपुर, झाऊ का पुरवा, ककरहा, प्रजापति का पुरवा, लच्छा पुरवा, गंगेपुरवा, गाड़ापुर, रमजूपुर, चौकिनपुर, शंकरगढ़, बिरतयान, पैकनपुर व रिछाही सहित कई अन्य शामिल हैं। इसी प्रकार पन्ना विकासखंड के सड़क विहीन गांव एवं मजरा टोला में हरसा, बगौहां, पिपरी, बड़ौर, दरेरा, मनौर, पाठकन टोला सुकवाहा, शंकरपुरा, कोटा गुंजापुर, टपरियन, लहुरहाई, बाबूपुर, पल्थरा, गुढ़ा, झंडा, जमुनहाई खुर्द, झाला, मनगहा, नहरी, ललार, मड़ैयन, ककरहाई, कटहरी, बिल्हटा एवं मझौली सहित 24 से अधिक गांव एवं मजरा टोला बताए गए हैं। हालांकि आधा दर्जन गांव विस्थापन की सूची में भी बताए गए हैं। इसके अलावा पन्ना नगर के हीरापुर टपरियन, चीमट व चांदमारी सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक बस्तियों में भी अभी तक सड़क नहीं बन सकी।

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी युवक ने बुजुर्ग माता-पिता और भाई-बहन को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैरहा में एक सिरफिरे नशेड़ी युवक के द्वारा अपने बुजुर्ग माता-पिता और भाई-बहन को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू अहिरवार पिता राम आसरे अहिरवार बीते 26 फरवरी 2025 को नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी छोटी बहन के साथ मारपीट करने लगा युवक के पिता राम आसरे अहिरवार पिता कल्लू अहिरवार उम्र लगभग 75 वर्ष के द्वारा अपने पुत्र को बहन के साथ मारपीट करने से रोकने का प्रयास किया गया जिससे नाराज होकर पप्पू ने अपने बुजुर्ग पिता पर लाठी से हमला कर दिया जिससे वह घायल होकर जमीन में गिर गया तभी युवक की मां प्रेमा बाई अहिरवार अपने पति को बचाने दौड़ी युवक ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की और बड़े भाई के साथ भी मारपीट की, शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक भाग खड़ा हुआ, परिवार के लोगों ने घायल बुजुर्ग दंपति को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार उपरांत बुजुर्ग दंपति को जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है जहां इलाज चल रहा है।

### बीमा कंपनी एवं आवेदकों के अभिभाषक के साथ की प्रि-सिटिंग बैठक

**पन्ना।** आगामी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन एवं अधिकतम प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण के उद्देश्य से शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एवं लोक अदालत के नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला न्यायालय स्थित एडीआर सेन्टर सभाकक्ष में बीमा कम्पनी एवं आवेदकों के अभिभाषकों के साथ प्रि-सिटिंग बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी द्वारा एक्सीडेंट क्लेम प्रकरणों सहित पारिवारिक एवं दीवानी प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में राजीनामा के जरिए निराकरण करवाने में सहयोग की अपेक्षा की गई। उन्होंने एक्सीडेंट क्लेम प्रकरणों में राजीनामा के लिए सालसा द्वारा जारी प्रतिकर गणना की गाइडलाइन के बारे में सभी अभिभाषकों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही न्यायालय में विचाराधीन 7 क्लेम प्रकरणों में बीमा कम्पनी के अभिभाषक तथा आवेदक अभिभाषकों के मध्य विस्तार से चर्चा उपरांत डॉकेट हस्ताक्षर कराए गए तथा अनेक प्रकरणों में प्रपोजल भी तैयार करवाया गया। बीमा कम्पनी से सहमति प्राप्त होने के उपरांत राजीनामा के जरिए इनका लोक अदालत में निराकरण हो सकेगा और पक्षकारों को न्याय मिलने के साथ ही प्रतिकर राशि भी मिलेगी। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव देवेन्द्र सिंह परस्ते, बीमा अधिवक्ता किशोर श्रीवास्तव, एम.एल. अवस्थी, पवन शुक्ला, आवेदक अधिवक्ता अशोक शर्मा, सुशील कुमार खरे, रोशन तिवारी, दिलीप चौरसिया, अशोक द्विवेदी, धर्मेन्द्र कुमार सेन एवं राजकुमार कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

## निरोगी काया अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक, एएनएम और सीएचओ को 50 एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य

स्वास्थ्य विभाग की पहल से जिले में एनसीडी स्क्रीनिंग की मुहिम तेज



**देवेंद्रनगर।** डॉ. अभिषेक जैन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में निरोगी काया अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी एएनएम और सीएचओ को एनसीडी (गैर-संक्रामक रोगों) के पंजीकरण एवं स्क्रीनिंग के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि ब्लॉक देवेंद्रनगर के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में 30 वर्ष से ऊपर की आयु के व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाएगी, जिसमें हायपरटेंशन, डायबिटीज और एनएएफएलएस (नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज) की स्क्रीनिंग शामिल है। प्रत्येक एएनएम और सीएचओ को 50 एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य सौंपा गया, ताकि जिले में स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार हो सके। बैठक में बी.पी.एम. श्रीमती संध्या परिहार, बी.सी.एम. सोनम अवस्थी, बी.ई.ई. सोमवती प्रजापति सहित समस्त एएनएम उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. अभिषेक जैन की लगातार मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की जानी चाहिए, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनके नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है और प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने का सपना साकार हो रहा है। यह कदम सरकार की नीतियों और जनस्वास्थ्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो समाज में हर व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्राकृतिक जैवविविधता से भरपूर क्षेत्र, पिछले वर्ष मिला था कीट भक्षी पौधा ड्रोसेरा

## कल्दा पठार में मिला दुर्लभ लेसर एडजुटेंट पक्षी

**पन्ना।** दक्षिण वन मण्डल पन्ना के कल्दा पठार में घने जंगलों और प्राकृतिक जैवविविधता से समृद्ध श्यामगिरि की वादियों में लेसर एडजुटेंट पक्षी देखा गया है। इस दुर्लभ पक्षी की तस्वीर दो दशक से प्रकृति संरक्षण कार्य कर रहे अजय चौरसिया ने ली और इसकी उपस्थिति की पुष्टि की। अजय चौरसिया ने बताया कि कल्दा पठार प्राकृतिक जैवविविधता से समृद्ध क्षेत्र है, जहां वनस्पति और वन्यजीवों की प्रचुरता देखी जाती है। यह क्षेत्र संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और दुर्लभ प्रजातियों के लिए एक सुरक्षित आवास साबित हो सकता है। लेसर एडजुटेंट सारस परिवार में एक विशाल दलदली पक्षी है, जो अक्सर बड़ी नदियों और झीलों में अच्छी तरह से वनाच्छादित क्षेत्रों में, कृषि क्षेत्रों में मीठे पानी की आर्द्रभूमि में और तटीय आर्द्रभूमि में पाया जाता है। घटती आबादी के कारण इसे आई यू सी एन की रेड लिस्ट में ष्निकट संकटग्रस्तष श्रेणी में रखा गया है। इस पक्षी की कल्दा पठार में उपस्थिति इस क्षेत्र की जैवविविधता की महत्ता को दर्शाती है। यहां के जंगलों ने एक ओर जहाँ वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियों को सहेज रखा है वहीं पक्षियों की भी विभिन्न प्रजातियों के लिए भी एक आदर्श रहवास बना हुआ है। यहां पर तोता, मैना, हरियल, मोर, इंडियन गोल्डन ओरिओल, वुडपैकर, सर्पेन्ट ईगल, ग्रीन बी ईटर, के साथ ही जलीय पक्षियों में व्हिसलिंग डक, आइबिस, प्लोवर, पोंड हेरॉन, करमोरेंट, किंगफिशर, आदि पक्षियों को सहज ही देखा जा सकता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष इसी क्षेत्र में कीटभक्षी पौधा ड्रोसेरा की भी उपस्थिति दर्ज की गई थी।



यह पौधा अपने पोषण के लिए छोटे कीटों का शिकार करता है और पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कल्दा पठार जैवविविधता के लिए उपयुक्त क्षेत्र है और इसके बेहतर संरक्षण हेतु विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे यहाँ की दुर्लभ जैवविविधता को सहेजा जा सके।



**इनका कहना है-**

वनमण्डल अधिकारी ने बताया कि यह दुर्लभ लेसर एडजुटेंट पक्षी भारत के पूर्वी राज्यों में पाया जाता है, पर इस पक्षी का कल्दा पठार के जंगलों में पाया जाना एक सुखद समाचार है। इसके लिए उन्होंने पर्यावरणप्रेमी अजय चौरसिया जी, वनकर्मियों, और समस्त पन्नावासियों को हार्दिक बधाईयां दी हैं।

**अनुपम शर्मा**
**वन मण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना**

## देवेंद्रनगर में आयोजित होगा श्रीमद् शिव महापुराण एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

### देवेंद्रनगर में नवनिर्मित भव्य शिवालय में 1 मार्च से शुरू होगा धार्मिक आयोजन, ब्रजेश जी महाराज देंगे अमृतमयी कथा

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर के बस स्टैंड के पास स्थित नवनिर्मित भव्य शिवालय में 1 मार्च 2025 से श्रीमद शिव महापुराण एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। मोहल्ले के धर्मप्रेमियों के सहयोग से इस मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे एक भव्य रूप दिया गया है। अब यह मंदिर एक आकर्षक और दिव्य स्थल के रूप में क्षेत्रवासियों के बीच प्रतिष्ठित हो चुका है। मंदिर के सामने बड़े ग्लो साइन बोर्ड पर ष्शिवालयष लिखा गया है, जो मंदिर को और भी भव्य बनाता है। यह मंदिर देवेंद्रनगर में भगवान शंकर के अन्य मंदिरों से अलग और विशेष है, और यहां के निवासियों के लिए यह एक श्रद्धा का बड़ा केंद्र बन गया है। इस आयोजन में सुप्रसिद्ध बुंदेलखंड के  राष्ट्रीय कथावाचक पं. ब्रजेश जी महाराज गौसेवक सागर के मुखारबिंद से श्रीमद शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। पं. ब्रजेश जी महाराज की कथा के लिए क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह है, और उनकी कथा सुनने का अवसर पाने के लिए यहां बड़ी संख्या







में भक्त जमा होंगे। इससे पहले भी पं. ब्रजेश जी ने देवेंद्रनगर में श्रीरामकथा और श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया था, जिससे उनके शिष्य और भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यह आयोजन 1 मार्च से शुरू होकर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक चलेगा। इसके साथ ही 8 मार्च 2025 को विशाल भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन किया है  कवे इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में अपने परिवार के साथ सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें और भगवान शिव की महिमा से अभिभूत हों।

## कलेक्टर ने अवैध कॉलोनी निर्माण पर जारी किया नोटिस

### 17 मार्च को पेशी पर उपस्थित होने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र गुनौर अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर संबंधितजनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।





जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर के प्रतिवेदन पर ग्राम गुनौर के विभिन्न सर्वे नंबर एवं रकबा की भूमि पर कॉलोनी निर्माण के दौरान म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 की विभिन्न धाराओं तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन में उल्लेख है कि संबंधित द्वारा कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं कॉलोनी विकास की अनुज्ञा प्राप्त किए बगैर कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर तथा ग्राम निवेश से ले-आउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं किया गया है। किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर तथा बिना रेरा पंजीयन के छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में उपरोक्त कॉलोनी को अनाधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधित के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रश्नाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने एवं अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने के कारण कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही आगामी 17 मार्च को दोपहर 2 बजे कारण बताओ सूचना पत्र का बिन्दुवार प्रत्युत्तर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कोई भी व्यक्ति कॉलोनी को अनाधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में कोई आपत्ति होने पर निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।

**इन्हें मिला नोटिस**

जिला कलेक्टर द्वारा इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना निवासी रोहित तिवारी, ग्राम एवं तहसील गुनौर निवासी शकुंतला त्रिपाठी, बिन्द्रावन, अर्चना तिवारी, किशोरी लाल, दयाराम, सुनील कुमार, अनबर बक्श, सुरेन्द्र कुमार, नत्थू सिंह, जीवन लाल, मुलायम देवी, कौशिल्या, रामकिशुन, प्रियंका खरे, फूलबाई गर्ग, शशिकांत, अवधेश प्रताप सिंह, माया बाई पटेल, कौशिल्या बाई, सीताराम, संगीता, लक्ष्मी, राजकुमार एवं गंगा प्रसाद, ग्राम सिली तहसील गुनौर निवासी कमलाकांत, भागीरथ, अंकित सोनी, रामप्रताप पटेल, ग्राम एवं तहसील अमानगंज निवासी बल्देव सेन, ग्राम गभौरा तहसील गुनौर निवासी रामप्रताप पटेल एवं ग्राम सिमरी तहसील गुनौर निवासी निर्मला सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पवई खंडहर में तब्दील हो रहा नवनिर्मित आजीविका भवन



### पानी, बाउंड्री वॉल के अभाव में नहीं हो पा रहा संचालित

**पवई।** प्रदेश भर में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण निर्धन महिलाओं के समूह बनाकर उनका संस्थागत विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करता है। पन्ना के पवई में भी जनपद पंचायत परिसर में आजीविका मिशन का कार्यालय संचालित है। बीते तीन वर्ष पूर्व इसका भवन बनाने के लिए आर ई एस विभाग को लगभग 50 लाख रुपए की लागत से भवन बनाने का काम सौंपा गया था। पवई में कटनी रोड पर नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आजीविका भवन का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी विभाग यानि आर ई एस के द्वारा किया गया,इसके साथ ही काम पूरा होने के बाद उसे हस्तांतरित भी कर दिया गया। उसके बावजूद आज तक आजीविका भवन में न तो कार्यालय संचालित हुआ और न ही किसी प्रकार की कार्यशाला या प्रशिक्षण, रोजगार मेले इत्यादि का आयोजन किया गया।जिसकी वजह से देख रेख के अभाव में भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। दीवारों की छाप उधरने लगी है स,इसके अलावा भवन के अंदर गंदगी, गोबर मरे मवेशी का अंबार लगा हुआ है। जब इस बात को लेकर आजीविका मिशन पवई के ब्लॉक मैनेजर दिनकर गर्ग से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि भवन में पानी और बाउंड्री वॉल के अभाव होने की वजह से वहां कार्यालय संचालित करना संभव नहीं है, साथ ही पानी न होने की वजह से किसी प्रकार के प्रशिक्षण का भी आयोजन नहीं हो पा रहा। उन्होंने बताया कि कई बार वरिष्ठ अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के लिए लेख किया गया है,लेकिन उसके बावजूद भी आज तक समाधान नहीं हुआ। सोचने वाली बात तो यह है कि जब पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव था तो बिल्डिंग को हस्तांतरित कैसे कर लिया गया।

## गेहूं उपार्जन केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिशिचत करने के निर्देश

**पन्ना।** प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रश्मि अरुण शमी ने गत दिवस सागर संभाग की उपार्जन समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि रबी उपार्जन हेतु गेहूं खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि सागर संभाग के लिए 17 मार्च से 5 मई 2025 तक समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जाएगा। इस संबंध में पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो चुका है, जो 31 मार्च 2025 तक चलेगा। इसके लिए सभी किसान भाई शीघ्र पंजीयन कराएं।

पंजीयन की निःशुल्क और सशुल्क दोनों व्यवस्थाएं की गई हैं। निःशुल्क व्यवस्था के अंतर्गत सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र पर, जनपद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र पर तथा तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है। इसी प्रकार सशुल्क व्यवस्था के अंतर्गत एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है। समीक्षा बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से रबी उपार्जन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। प्रमुख सचिव की वर्चुअल समीक्षा बैठक के अवसर पर कलेक्ट्रट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया एवं सहकारिता, कृषि व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेहूँ उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए शेड, पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष, दरियां, टेबल, कुर्सी तथा शौचालय आदि का पर्याप्त प्रबंध करें। समिति स्तर पर पर्याप्त बिजली की सुविधा, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपार्जन उपकरण तथा किसानों की जानकारी के लिए सूचना पटल पर उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित की जाए। गेहूं के लिए तय किया गया न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता भी लाएं, ताकि गेहूँ खरीदी केन्द्रों तक अधिकतम पंजीकृत किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे। किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान भी सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त खाद्य ने बताया कि गेहूँ उपार्जन में स्लॉट बुकिंग की वैधता अवधि सात कार्य दिवस रहेगी। स्टॉल की बुकिंग किसी भी उपार्जन केंद्र के लिए की जा सकती है। स्लॉट बुकिंग कुल विक्रय योग्य मात्रा की एक बार में ही करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### दमोह पुलिस की बड़ी सफलताः 15 वर्ष से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस ने 15 वर्षों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सायबर टीम की मदद से गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अरविंद उर्फ बबलू दुबे, ग्राम तिंदुआ, थाना बटियागढ़ का निवासी है। वह 15 वर्षों से हत्या धारा 302 ताहि. , हत्या का प्रयास धारा 307 ताहि. , दंगे धारा 147, 148, 149 ताहि. और आर्म्स एक्ट (धारा 25/27) जैसे गंभीर अपराधों में वांछित था। आरोपी के खिलाफ थाना दमोह देहात (अप.क्र. 72/11), थाना बटियागढ़ (अप.क्र. 209/11), और थाना रायसेन (अप.क्र. 563/08) में विभिन्न अपराध दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में जिला भर में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान में सायबर और विशेष टीमों को फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय किया गया था। 25 फरवरी 2025 को सायबर टीम को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जानकारी मिली कि आरोपी बबलू दुबे नि. तिंदुआ थाना बटियागढ़ संपर्क क्रांति ट्रेन क्र. 22686 से दिल्ली से पुणे जा रहा है, पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जीआरपी भोपाल को सूचित किया, ताकि आरोपी की तस्दीक की जा सके और उसे गिरफ्तार किया जा सके। जीआरपी भोपाल और दमोह पुलिस टीम ने मिलकर आरोपी बबलू दुबे को पुणे जाते समय अपनी अभिरक्षा में लिया। यह गिरफ्तारी पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सही समन्वय का परिणाम थी। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बटियागढ़ निरी, नेहा गोस्वामी, थाना प्रभारी कोतवाली निरी, आनंद राज, थाना प्रभारी दमोह देहात मनीष कुमार, उपनिरी, शेषकुमार दुबे, सायबर टीम के प्र.आर. 280 राकेश अठ्या, प्र.आर.353 सौरभ टंडन, आर.31 रोहित राजपूत, आर.37 मयंक दुबे और थाना कोतवाली दमोह से प्र.आर.90 डेलन सिंह, आर. 148 प्रदीप शर्मा, प्र.आर.3418 आदित्य साहू (क्राईम ब्राँच भोपाल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन पुलिसकर्मियों ने टीमवर्क और तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करके आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

### घुमन्तु कार्य की अखिल भारतीय दो दिवसीय सपन्न

**दमोह।** घुमन्तु कार्य की अखिल भारतीय दो दिवसीय बैठक 22 एवं 23 फरवरी को नागपुर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में महाकौशल प्रांत से प्रांत टोली के सदस्य अरविन्द कुमार सम्लित हुए, जिसमें इनको घुमन्तु कार्य की बैठक में दस्तावेज निर्माण का दायित्व दिया गया। 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर घुमन्तु जाति के बीच में परशुराम टेकरी जबलपुर नाका सिविल वार्ड क्रं. 2 में घुमन्तु जाति के लोगों के बीच में जाकर संपर्क व उनकी समस्याओं को उनके बीच में जाकर सुना और समझा इस संपर्क में प्रांत टोली के सदस्य व घुमन्तु जाति के प्रदेश प्रातिनिधि अरविन्द कुमार, जिला संयोजक इन्दर कुमार, दिलीप चौरसिया व राम पटेल की उपस्थिति रही।

### गर्भवती महिलाओं को मिला विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा का लाभ

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ई.पी.एम. एस.एम.ए.) के तहत नवाचारी पहल करते हुए लाक्षणिक आधार पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के अलावा गर्भावधि में पलायन के पश्चात वापस गांव आने वाली महिलाओं को भी चिन्हित कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा, जबेरा, हिण्डोरिया, बटियागढ़ एवं पटेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में 253 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच-उपचार सेवा दी गई। जिसमें चिन्हित जोखिम एवं सामान्य गर्भवती महिलाएं शामिल है। विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा शुरू होने अथवा कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करने की परामर्श देते हुए जच्चा-बच्चा की जीवन रक्षा के लिए प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही कराने की समझाईश दी गई।

दूषित हुआ जल स्रोतों का पानी, एक दर्जन गांव हो रहे प्रभावित

# शराब फैक्ट्री के कैमिकल युक्त पानी से नष्ट हो रहीं फसल



**नौगांव/छतरपुर।** शहर में संचालित शराब फैक्ट्री के कैमिकल युक्त पानी से न केवल आसपास के किसानों की फसलें खराब हो रही हैं बल्कि क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के जलस्रोतों का पानी भी दूषित हो गया है। लोग इस दूषित पानी का इस्तेमाल निस्तार के लिए भी नहीं कर पा रहे हैं। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक द्वारा कैमिकल युक्त पानी से लोगों को बचाने के लिए उपयुक्त व्यवस्था नहीं की गई है और खुले में इस पानी को छोड़ा जा रहा है, जिससे फसलें और जलस्रोत प्रभावित हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव से सटे ग्राम शिकारपुरा के समीप संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स इंडिया डिस्टलरी शराब फैक्ट्री के संचालक द्वारा पर्यावरण नियमों का पालन न करते हुए प्रदूषण बोर्ड के नियमों को हवा में उड़ाकर जहरीले, बदबूदार अपशिष्ट पानी को खुले नाले और सीलप नदी सहित आसपास की भूमि पर छोड़ा जा रहा है। फैक्ट्री के अंदर से निकली अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से करीब आधा किमी दूर मौजूद नर्सरी के लिए आरक्षित भूमि पर इस अपशिष्ट विषैले पानी को दो बड़े-बड़े पक्के गड्ढों में स्टोर किया जाता है और इसके बाद रात के अंधेरे में सीलप नदी सहित आसपास की भूमि पर छोड़ दिया जाता है। फैक्ट्री संचालक ने नाम के लिए एमईई (मल्टी इफेक्टिव एवं ऑपरेटर) संयंत्र लगा रखा है लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं किया जाता। सम्बधित विभाग एवं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण शंकर सिंह यादव ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाले विषैले पानी के कारण करीब 1 किलोमीटर एरिया में मोजूद कुएं, हैंडपंप, ट्यूबबेल सहित अन्य जलस्रोतों का पानी दूषित हो गया है। हालात यह हैं कि इस पानी का प्रयोग नहाने के लिए भी नहीं कर पा रहे हैं। यदि इस पानी से नहाते हैं तो शरीर से बदबू आने के साथ-साथ खुजली शुरु हो जाती है। किसान नरेंद्र यादव बताते हैं कि फैक्ट्री के आसपास मौजूद खेतों की फसलें दूषित पानी के कारण खराब हो रही हैं। इसके साथ ही इस विषैले पानी के सेवन से मवेशी की मौत भी हो रही है। खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ-साथ उपज के स्वाद में भी बदलाव देखने को मिल रहा है।

# तीन दिन से लापता है पति, पत्नी ने दर्ज कराई शिकायत

पत्नी को है रिश्ते की मामी के साथ भागने का संदेह



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा का रहने वाले एक युवक पिछले 3 दिनों से लापता है। रिश्तेदारी सहित अन्य संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी जब युवक की कोई जानकारी नहीं मिली तो शुक्रवार को लापता युवक की पत्नी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गोपालपुर निवासी नीतू पटेल ने बताया कि उसका पति भूपत पटेल, गत 25 फरवरी की दोपहर 12 बजे किसी को कुछ बताए बगैर कहीं चला गया था। दो दिन तक घर के लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन भूपत के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। नीतू पटेल को संदेह है कि भूपत अपनी प्रेमिका के साथ कहीं गया है, जो कि रिश्ते में भूपत की मामी लगती है। नीतू ने बताया कि उसकी एक पुत्री और एक पुत्र भी है, जिनकी उम्र क्रमशः 14 और 11 वर्ष है। थाने में आवेदन देकर नीतू ने लापता भूपत की तलाश करने की मांग की है।

# अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का हुआ समापन



छतरपुर।

खजुराहो में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का समापन हो चुका है। समापन समारोह में महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बहादुर सिंह परमार एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त मूर्तिकार दिनेश शर्मा बतौर खास मेहमान उपस्थित रहे। अतिथियों ने उपस्थित कलाकारों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दीं। मूर्तिकार दिनेश शर्मा ने कलाकारों के साथ अपने अनुभव साझा कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। प्रदर्शनी के आयोजक वरुण रावत, डॉ गरिमा मिश्रा एवं ख्याति अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त जताया।

# सरपंच और मंडल अध्यक्ष ने लिया अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा



**ईशानगर।** बीती शाम भाजपा के ईशानगर मंडल अध्यक्ष भारत गुप्ता और सरपंच निधि जलज मिश्रा ने कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों से मुलाकात की। इस दौरान अस्पताल में जो अव्यवस्थाएं मिलीं, उन्हें दुरुस्त कराने के लिए मंडल अध्यक्ष और सरपंच ने मौके से सीएमएचओ को फोन लगाकर आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष भारत गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ नदारद मिला, जिस कारण से लोग निजी अस्पताल में जा रहे थे। वहीं सरपंच निधि मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में मिहिला चिकित्सक न होने से महिलाओं को उपचार कराने में परेशानी हो रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधि होने के नाते सीएमएचओ से अस्पताल में महिला चिकित्सक को पदस्थ करने की मांग की है। इस मौके पर मंडल संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक कोरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता का कहना है कि ईशानगर अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाएगा ताकि लोगों को बेहतर उपचार मिल सके।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दी गई विदाई




**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति हुए 2 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते हुए विदाई दी है। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 28 फरवरी को सेवानिवृत हुए उप निरीक्षक द्वारका प्रसाद व्यास (थाना गुलगंज) और सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चौहान (पुलिस लाइन) को सम्मानित किया गया। अधिवर्षता सेवा पूर्ण करने पर पुलिस अधिकारियों को उपहार भेंट करते हुए शॉल-श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उप निरीक्षक द्वारका प्रसाद व्यास ने टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिले में सेवाएं द, जबकि सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चौहान ने छतरपुर जिले में अपनी सेवाएं दी हैं। दोनों पुलिस अधिकारियों को मंगलमय जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देकर विदा किया गया। सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जूनियर पुलिस कर्मचारियों को अपने अनुभव साझा किये गये। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र पूर्णिमा मिश्रा, सूबेदार प्रभा सिलावट, मुख्य लिपिक आरके प्रजापति, संबंधित पुलिस अभिलेख अधिकारी, सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयास से बदला गया विद्युत ट्रांसफार्मर

अलीपुरा।



महाराजपुर विधानसभा के विधायक कामाख्या प्रताप सिंह के गृहग्राम अलीपुरा के किसान पिछले 10 दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे थे। किसानों ने विधायक से मदद की गुहार लगाई तो कामाख्या प्रताप सिंह ने तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाया। अलीपुरा के नदिया हार में 100 केवी की क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर लगने से किसानों की समस्या का समाप्त हो गई है और उनके द्वारा विधायक का आभार जताया गया है।

# विश्व शांति के लिए जैन मिलन ने किया श्री भक्तामर पाठ



**छतरपुर।** बीती शाम शहर के श्री अजितनाथ जिनालय मेला ग्राउंड में जैन मिलन परिवार द्वारा चतुर्दशी के अवसर पर विश्व शांति एवं प्राणी मात्र के उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर श्री भक्तामर पाठ किया। जैन मिलन के मीडिया प्रभारी मनीष जैन एवं सांस्कृतिक प्रभारी मनोज जैन शाहगढ़ ने बताया कि यह आयोजन हर माह की द्वितीय चतुर्दशी को किया जाएगा। इस अवसर पर जैन मिलन उपाध्यक्ष मुकेश देवडिय़ा एवं मनोज जैन बजाना, सहसचिव पंकज बड़कुल एवं विकास जैन मंडी इंस्पेक्टर, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन, वैभव जैन जीएसटी, दिलीप जैन कोर्ट, बसंत जैन, मनोज जैन रानीपुर, करुणा देवडिय़ा, स्मिता जैन, नेहा जैन, टीना जैन मुख्य रूप से शामिल रहे।

# फाल्गुनी अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में दिखा श्रद्धालुओं का सैलाब

खजुराहो।



*मतंगेश्वर महादेव मंदिर में फाल्गुनी अमावस्या पर श्रद्धालुओ की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह 4 बजे से ही मंदिर में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान किया। इसके बाद भगवान शिव को जल और बेलपत्र अर्पित किए। महिलाएं लमटेरा गाते हुए भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचीं।*

*उल्लेखनीय है कि चंदेलकालीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर कइ मायनों में विशेष है। यहां स्थित शिवलिंग जमीन के अंदर और बाहर दोनों ओर 9-9 फीट लंबा है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा को शिवलिंग की लंबाई एक इंच बढ़ जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिवलिंग के नीचे भगवान शिव की मरकत मणि आज भी मौजूद है। हिंदू धर्म में फाल्गुन अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान, दान और पितरों के लिए श्राद्ध करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन दान-स्नान और तर्पण करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूर्ण मौन रखने से स्वास्थ्य और ज्ञान की प्राप्ति होती है।*

# वाहन ने टक्कर मारी, गम्भीर घायल



नौगांव।

विगत दिवस रात्रि पिपरी रोड पर संजय दाल मिल के समीप स्कूटी से अपने साथी के साथ शादी समारोह में जा रहे

पत्रकार अरशद इकबाल को अज्ञात चार पहिया वाहन ने सामने से टक्कर मार दी जिससे अरशद को गम्भीर चोट आई जिन्हें तत्काल पहले नौगांव सिविल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर ले जाया गया जहां डाक्टर श्री दोसाज ने नर्मदा अस्पताल में दाएं पैर का आपरेशन कर उपचार किया। जबकि दूसरे घायल का हाथ फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस में रिपोर्ट कर दी गई है। यह घटना 26 फरवरी 2025 रात करीब 8.45 की है।

# जनपदों में लगाए जाएंगे सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप

छतरपुर।

जिला पंचायत छतरपुर के सहयोग से एसआईएस सिक्योरिटी अनूपपुर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप का एक दिवसीय आयोजन जिले के जनपद पंचायतों के कार्यालयों में किया जा रहा है। जनपद पंचायत बड़ामलहरा में 1 मार्च को, गौरिहार में 3 मार्च को एवं 4 मार्च को बिजावर जनपद कार्यालय में प्रातः 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा। इच्छुक बेरोजगार युवक सुरक्षा जवान के पद पर जिनकी योग्यता 10वी पास सहित 3 फोटो, इच्छुक आवेदक अपनी अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, दो फोटो, एवं चयनित उम्मीदवार का रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क 350 रुपये के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मो. 9205055417 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने 9 अधिकारियों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 9 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नोटिस दिया गया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत दिया गया है। लंबित प्रकरणों का 7 दिवस में शत-प्रतिशत निराकरण न करने पर दो वार्षिक वेतनवृद्धियाँ असंचयी प्रभाव से अवरूद्ध करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने लापरवाही बरतने पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, प्रभारी तहसीलदार सिरमौर बिन्दु तिवारी, तहसीलदार त्योंथर नीलेश सिंह, तहसीलदार सेमरिया आर प्रपंज, तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला, तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा तथा तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव को नोटिस दिया है।

### अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशिा दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ति व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा। इसका आवेदन करने पर संबंधित जाँच दावा अधिकारी तहसीलदार अथवा एसडीएम 30 दिवस में अपनी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर इस रिपोर्ट पर 15 दिवस में आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ति को सहायता राशि का भुगतान कराएंगे तथा परिवहन आयुक्त को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

### ज्योति स्कूल के प्राचार्य अनिल एंटनी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज

**रीवा।** भाजपा नेता गौरव तिवारी द्वारा ज्योति स्कूल के विरुद्ध मानवाधिकार आयोग में किये गए शिकायत जिसमे छोटे से बच्चे के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार पर उन्होंने कड़ी कार्यवाही की मांग की थी, उसी को लेकर आयोग ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को 28 फ़रवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया था जिस पर दोनों ने आयोग से उपस्थिति को लेकर छूट मांगी थी एवं अपने प्रतिनिध को भेजने के लिए प्रार्थना किया था जिसे आयोग ने मान लिया। जिसके बाद जिला शीला अधिकारी सुदामा गुप्ता एवं एडिशनल पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर आयोग के समक्ष उपस्थित होकर ज्योति स्कूल के ऊपर जो कार्यवाही की गई उसका विवरण दिया, जिस पर आयोग ने कार्यवाही पर हुई देरी एवं प्राचार्य के नाम से रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराजगी जताई साथ ही भविष्य में ऐसी गलती न हो उसका भी ध्यान रखने को कहा गया।

# लोकायुक्त संभागीय कार्यालय में लगी आग

### स्टोर में रखे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर हुए खाक

### शिल्पी प्लाजा के बी ब्लॉक मे तीसरी मंजिल पर स्थित लोकायुक्त कार्यालय, कई घंटो की मेहनत के बाद आग में पाया गया काबू

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत शिल्पी प्लाजा बी ब्लाक की तीसरी मंजिल स्थित लोकायुक्त कार्यालय में गुरुवार की रात अचानक आग लगने से काफी मात्रा में कार्यालयीन दस्तावेज जल गये। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के चलते आगजनी की घटनाकारित हुई है। घटना की जानकारी रात्रिकालीन कार्यालय में तैनात सुरक्षा गार्ड शिव बालक साकेत द्वारा विभाग के लोगों को दी गई। बता दे तीसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय में लगी आग से हड़कंप मच गया। मुख्य मार्ग की ओर खिड़की से आग की लपटें निकलते देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल को मौके पर भेजा गया। एक एक कर दो दमकलों ने पहुंचकर आग को काबू में किया। आग बुझने के बाद लोकायुक्त कार्यालय के स्टाफ ने अंदर जाकर स्थिति देखी। अंदर जाने के बाद भी पानी डाला गया ताकि आग पूरी तरह से ठंडी हो जाए।दमकल वाहनों ने पहले बसंत वस्त्रालय की तरफ से आग बुझाने की कोशिश की उसके उपरांत बिल्डिंग के पीछे साइड से पानी की बौछारें डाली गई। रात्रिकालीन ड्यूडी गार्ड ने बताया कि वह खाना खा रहा था, तभी उसे चट-चट की आवाज सुनाई दी उसे लगा कि कार्यालय में कोई चोर घुस आया है। उसके बाद उसने स्टोर से धुआं उठते देखा। आनन फानन में गार्ड द्वारा अपने विभाग के मुंशी को सूचना दी। दमकल विभाग के अलावा लोकायुक्त की टीम एवं सिविल लाइन थाना की पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की। वही काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार लोकायुक्त कार्यालय में यह आग उस जगह लगी जहां पुराने रिकॉर्ड सहित टूटा फूटा फर्नीचर आदि रखा था। ऐसा माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट से यह आग लगी है।





### शो-पीस बना का फायर सिस्टम

शिल्पी प्लाजा में फायर कटिंग सिस्टम लगाया गया था. जो वर्तमान में यह पूरी तरह से खराब हो चुका है। इसके पहले भी कई बार आग लगने की घटनाएं हुई हैं लेकिन फायर फाइटिंग सिस्टम काम नहीं आया। मामले में शिल्पी कंस्ट्रक्शन के प्रमुख इंजीनियर राजेंद शर्मा ने बताया कि उन्होंने ज भवन कर निर्माण किया था तो फायर फाइटिंन सिस्टम उत दौर में अत्याधुनिक रूप से लगाया गया या। इसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपी गई थी। प्रशासनिक उदासीनता के चलते पूरा सिस्टम खराब हो चुका है।

# कमिश्नर कार्यालय में सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक उद्योग को दी गई विदाई

### विभागीय योजनाओं में 134 प्रतिशत उपलब्धि



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए संयुक्त संचालक उद्योग निरंजनलाल श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी गई। कमिश्नर बीएस जामोद ने शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर श्री श्रीवास्तव को सम्मानित किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री श्रीवास्तव ने सरलता और कर्मठता से सदैव उत्कृष्ट कार्य किया। रीवा संभाग में विभागीय योजनाओं में 134 प्रतिशत उपलब्धि उनके कर्मठता का प्रमाण है। रीवा और शहडोल संभाग में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में विभागीय समन्वय में भी श्री श्रीवास्तव की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही। रीवा में 31 हजार करोड़ का निवेश मिलना ऐतिहासिक उपलब्धि है। युवा उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से आपने कई परिवारों को आजीविका और आर्थिक विकास के अवसर दिए हैं। आपने 42 वर्ष का शासकीय सेवाकाल बेदाग पूरा किया यह भी बहुत बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय परिवार आपके सुखद जीवन की कामना करता है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक ने कहा कि 42 वर्षों का सेवाकाल आज पूरा हो गया है। मैंने सदैव विभागीय कार्यों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन को अपना लक्ष्य बनाया। कार्य करने में मुझे अपने कनिष्ठ अधिकारियों का सदैव पूरा सहयोग मिला। अपने सेवाकाल से मैं पूरी तरह संतुष्ट हूँ। रीवा में मैं केवल 8 माह ही रह सका। इस अवधि में भी रीवा और शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव तथा भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में भाग लेने का अवसर मिला। युवा उद्यम क्रांति योजना में संभाग के सभी जिलों में 100 प्रतिशत से अधिक उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं। कार्यक्रम में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अवनीश शर्मा ने किया।

# जिले में चोरों की सक्रियता बढ़ी 8 घरों में चोरी की वारदात

रीवा।

जिले के जनेह थाना क्षेत्र के खतिलवार गांव में बुधवार-गुरुवार की रात चोरों ने एक साथ 8 घरों में धावा बोलकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किए है। घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवारों ने जब सुबह घरों में चोरी की घटना का पता चलने पर तुरंत जनेह पुलिस को सूचना दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंद्रशेखर आदिवासी, शिवसागर आदिवासी सहित आधा दर्जन अन्य परिवारों के घरों में चोरों ने बड़े ही सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घरों में रखे आभूषण और नकदी को चुराकर फरार हो गए। चोरी की वारदात को लेकर पीड़ितों का कहना है कि गांव में इस समय विवाह आयोजन हो रहे थे, जिस वजह से चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवारों ने आसपास के खेतों में तलाशी ली, जहां चोरी की गई सामान से भरी हुई पेटियां और अटैचियां पड़ी मिलीं। इन सामानों को खोलने पर यह सामने आया कि चोरों ने इनमें से नकदी और आभूषण चुराए थे। जनेह पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना स्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस अब चोरों की तलाश कर रही थी।



# कार सर्विस सेंटर में लगी आग, लाखों का समान जलकर हुआ खाक

रीवा

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत इटौरा में संचालित कार सर्विस सेंटर में बीती रात आग लग जाने से लाखों का समान जलकर नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक इटौरा स्थित गायत्री कार सर्विस सेंटर में हुई आगजनी में 3 फोर व्हीलर वाहन सहित टू व्हीलर वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए है। घटना की सूचना पर पहुंची विश्वविद्यालय पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया है।



सर्विस सेंटर के संचालक मुनेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी ग्राम बरावं थाना शाहपुर हाल मुकाम ग्राम कोष्टा थाना रायपुर कर्चुलियान ने बताया कि वह रोजाना की तरह 24 फरवरी की रात्रि को सर्विसेंटर बंद कर घर चले गए थे। रात्रि करीबन 12.15 बजे सर्विस सेंटर का मकैनिक मोहम्मद मुर्शिद का फोन आया उसने बताया कि सर्विस सेंटर में आग लग गयी है जिसके बाद वह घटना स्थल पहुंच कर आगजनी की सूचना पुलिस को दिए। घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस और दमकल का वाहन मौके पर पहुंचा और घंटों बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित संचालक ने बताया कि आगजनी के कारण तीन चार पहिया वाहन व दो दो बाइक जलकर नष्ट हो गई। शिकायत के बाद विश्वविद्यज्ञलय पुलिस आगजनी के कारणों की जांच कर रही है।

# महारानी लक्ष्मीबाई कालेज तथा आरसेटी में वित्तीय साक्षरता शिविर संपन्न

रीवा

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विभागीय योजनाओं एवं वित्तीय लेनदेन के संबंध में आमजनता को जागरूक करने के लिए वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कालेज तथा आरसेटी में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी विषय पर इन शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंके प्रतिनिधि श्रीराम नागर ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर शिविर के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हर व्यक्ति और हर परिवार को व्यवस्थित तरीके से वित्तीय प्रबंधन करना चाहिए। वित्तीय मामलों को समझना और उनका समुचति प्रबंधन करना समय की आवश्यकता है। हमारे देश में परंपरागत रूप से गृह स्वामिनी को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। घर की महिला वित्तीय प्रबंधन में कुशल और वित्तीय मामलों में जागरूक रहकर उचित वित्तीय प्रबंधन कर सकती हैं। इससे परिवार के भविष्य को सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी। वित्तीय प्रबंधन अच्छा होगा तो घर-परिवार का भी प्रबंधन श्रेष्ठ होगा।

शिविर में शामिल महिलाओं और छात्राओं को घरेलू बजट बनाने की जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि महिलाएं अपने घरेलू खर्चे का पूरा हिसाब किताब रखकर उसका मासिक बजट बनाएं। परिवार की आय जिन कार्यों में व्यय हो रही है उन क्षेत्रों की पहचान करके समुचित व्यय और बचत की ओर कदम बढ़ाएं। परिवार की जरूरतों को प्राथमिकता देकर कार्यों की लागत घटाने के तरीकों के बारे में विचार करें। अब लगभग हर व्यक्ति के पास बचत बैंक खाता है। इस खाते को नियमित रूप से संचालित करते हुए इसमें छोटी-छोटी बचत की राशि जमा करें। संकट काल में यह राशि आपके और परिवार के बहुत काम आएगी। शिविर में माइक्रो सेविंग और अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं से लेनदेन की प्रक्रिया विभिन्न कार्यों के लिए ऋण लेने तथा साइबर फ्राड से बचने के संबंध में भी जानकारी दी गई। शिविर में अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन तथा लक्ष्मीबाई कालेज के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# बहू की हत्या के मामले में गवाह ससुर की हत्या, केस वापस लेने की मिल रही थी

### मनगवा थाना अंतर्गत मनिकवार नंबर दो गांव में हुई वारदात

रीवा

जिले में एक शख्स की धारदार हथियार गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक अपनी बहू की हत्या के मामले में अहम गवाह था। अगले महीने उसकी कोर्ट में पेशी होनी थी। हत्या की ये वारदात गुरुवार रात में मनगवां थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज चौकी के मनिकवार नंबर दो गांव में हुई। जिसके बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक का नाम हीरामणि वर्मा उम्र 58 वर्ष है। बता दें कि गुरुवार रात को हीरामणि वर्मा अपने खेत पर फसलों को पानी देने गया था। इसी दौरान हमलावरों ने धारदार हथियारों से गोदकर उसकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद आरोपी फरार हो गए। वहीं पुलिस अब हत्या का मामला दर्ज कर संदेहियों की तलाश कर रही है। पुलिस इस हत्याकांड को पुरानी रंजिश से जोड़कर भी जांच कर रही है। मृतक हीरामणि अपनी बहू की हत्या के केस में अहम गवाह था। एक साल पहले गांव के कुछ दबंगों ने उनके परिवार पर हमला किया था, जिसमें उसकी बहू की मौत हो गई थी। परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए थे। इस मामले में कुछ आरोपी अभी जेल में हैं, जबकि कुछ पहले से फरार हैं। वहीं बताया गया कि परिवार पर केस वापस लेने का आरोपियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा था लगातार धमकियां भी दी जा रही थीं। परिवार ने पुलिस को इस बात की शिकायत भी की थी। साथ ही सुरक्षा की मांग भी की गई थी। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार का आरोप कि पुलिस ने हमारी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। अगर समय रहते पुलिस सुरक्षा देती, तो यह हत्या नहीं होती। अब हम इंसाफ की उम्मीद कर रहे हैं।



### रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के खीरा मोड़ के पास हुई घटना

# प्रयागराज से लौट रहे दंपत्ति सड़क हादसे की हुए शिकार, पत्नी की मौत

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत खीरा मोड़ पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदिया निवासी रामबहोर साहू की पत्नी आरती साहू (24) की मौत हो गई। यह हादसा मवेशी को बचाने के प्रयास में हुआ।जानकारी के अनुसार, रामबहोर साहू अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर प्रयागराज से अपने घर सीधी जिले के ग्राम करौंदिया लौट रहे थे। रात के समय जैसे ही वे खीरा मोड़ के पास पहुंचे, एक मवेशी सड़क पर आ गया। रामबहोर साहू ने मवेशी से टकराने से बचने के लिए बाइक को संभालने की कोशिश की, लेकिन मवेशी ने उनकी पत्नी को धक्का दे दिया, जिससे वह बाइक से गिर गई। गिरने के बाद, पीछे से आ रहा एक अज्ञात ऑटो चालक ने महिला को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, रामबहोर साहू को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा और घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। वही ऑटो चालक घटनास्थल से फरार हो गया है। पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी है। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस ने दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।



# अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप

### आयुक्त के आदेश के बावजूद अभी तक नहीं हुई निलंबन की कार्यवाही

मऊगंजः

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर के प्रधानाध्यापक (प्रभारी प्राचार्य) लल्लू प्रसाद साकेत पर अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमितता का अरोप लगा है। आरोप लगाते हुये अतिथि शिक्षक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि, उनके द्वारा सत्र 2022-23 में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 हेतु आवेदन दिया था। मैरिट के आधार पर विषयवार,वर्गवार पैनल तैयार किया गया किन्तु वर्ग-2 हेतु तैयार पैनल में विज्ञान विषय में आवेदक धीरेन्द्र सिंह का चयन न कर उनके स्थान पर श्रीमती शुभा देवी दीक्षांत की नियुक्ति की गई थी जबकि श्रीमती दीक्षांत का का नाम जीव विज्ञान वर्ग-1 पैनल में सरल क्र. 3 पर दर्शित है। इसी तरह अन्य नियुक्तियो में अनियमितता की गई थी जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा माननीय कमिश्नर महोदय रीवा के यहां की गई थी जिस पर कार्यालय कमिश्नर रीवा के आदेश दिनांक 06.03.2024 के माध्यम से उपरोक्त प्रभारी प्राचार्य लल्लू प्रसाद साकेत को दोषी मानते हुये कहा कि, श्री साकेत द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जाना पाया गया तथा उनके द्वारा लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित की गई। जिस कारण श्री साकेत को म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) (क) के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया था। हांलांकि अभी प्रकारण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। फिर भी आवेदन ने अविलंब दोषी प्राचार्य के विरूद्ध उचित कार्यवाही की मांग सक्षम अधिकारियों से की है।



# हनुमना में केनरा बैंक का हुआ शुभारंभ लोगों को मिलेगी अब राहत

### बैंकिंग सेवाओं को सरल सहज एवं बिना परेशानियां के तहत सेवा दी जाएगी

**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत हनुमना में केनरा बैंक की शाखा खोली गई है जहां दिनांक 28 फरवरी को शुभारंभ किया गया है। वही चीफ मैनेजर देवाशीष सूत्रधार के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। साथ मे पूजा पाठ करके शुभारंभ किया गया बताया गया कि हनुमना में केनरा बैंक की शाखा से ग्रामीणो को सरल सहज एवं बिना परेशानियों की सेवाएं दी जाएगी साथ मे अपील की गई है कि ग्रामीण एवं हितग्राही केंद्र शाखा में आकर अपना खाता खुलवाए और बेहतरीन सेवाएं ले हनुमना में 70 वे बैंक शाखा खोली गई है जिसमे मुख्यअतिथि के रूप में चीफ मैनेजर देवाशीष सूत्रधार रहे। वही मैनेजर मोहित सक्सेना सहायक प्रबंधक अमरेंद्र मिश्रा ज्ञानचंद वर्मा एवं मैनेजर राकेश द्विवेदी सहित केनरा बैंक के संबंधित कर्मचारी सहित ग्रामीण क्षेत्र के कई कस्टमर भी मौजूद रहे । वही बैंकिंग सेवाओं को लेने के लिए अपील की गई है बैंक से लोन लेने सहित सभी बैंकिंग सेवाएं चालू रहेगी पैसे के लेनदेन में कोई समस्या नहीं आएगी।

